पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

CIN :- U40101UR2004SGC028675

मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग

विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून–248002

E-mail : hr@ptcul.org

दूरभाष नं0 0135–2645249 फैक्स नं0 0135–2645249 वेबसाइट : www.ptcul.org

PTCUL

पत्रांक : ७२५/मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/ दिनांकः २१.04.2026

विषयः– सेवानिवृत्त कार्मिकों पारिवारिक पेंशनधारियों एवं मृत कर्मचारियों के लम्बित देयको/पेंशन प्रकरणों के निस्तारण तथा कार्मिकों के पदधारिता विवरण के सम्बन्ध में दिनांक 18.04.2026 को कारपोरेट मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

समस्त मुख्य अभियन्ता/महाप्रबन्धक,
समस्त अधीक्षण अभियन्ता/उपमहाप्रबन्धक,
समस्त अधिशासी अभियन्ता, पिटकुल......................।

कृपया दिनांक 18.04.2026 को सेवानिवृत्त कार्मिकों, पारिवारिक पेंशनधारियों एवं मृत कर्मचारियों के लम्बित देयकों/पेंशन प्रकरणों के निस्तारण तथा कार्मिकों की पदधारिता के सम्बन्ध में कारपोरेशन मुख्यालय में आयोजित की गयी मासिक समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त की प्रतिलिपि संलग्न कर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु आपको प्रेषित की जा रही है।

संलग्नः यथा उपरोक्त।

(विवेकानन्द)
उपमहाप्रबन्धक (मा0सं0)

पत्रांक /मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/ तददिनांक : –

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त की छायाप्रति सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव–प्रबन्ध निदेशक, पिटकुल, देहरादून को प्रबन्ध निदेशक महोदय के संज्ञानार्थ।
2. निजी–सचिव–निदेशक (मा0सं0)/(परिचालन), पिटकुल, देहरादून को निदेशकगणों के संज्ञानार्थ।
3. समीक्षा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारी।
4. अधिशासी अभियन्ता (सू0एवंप्रौ0), पिटकुलदेहरादून को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया विषयगत पत्र को संलग्नक सहित कारपोरेशन की वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

संलग्नः यथा उपरोक्त।

(विवेकानन्द)
उपमहाप्रबन्धक (मा0सं0)

कार्मिकों/पारिवारिक पेंशनधारियों तथा मृतक कार्मिकों के लम्बित विभागीय देयकों/पेंशन प्रकरणों के निस्तारण तथा कार्मिकों की पदधारिता विवरण के सम्बन्ध में दिनांक 18.04.2026 को कारपोरेट मुख्यालय में आहूत समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

उपस्थितिः

बैठक में विभिन्न इकाईयों, वित्त विभाग तथा मानव संसाधन विभाग के कार्मिक ऑन लाईन/ऑफ लाईन माध्यम से उपस्थित हुए।

अधिकारियों की उपस्थिति

1. श्री विवेकानन्द, उपमहाप्रबन्धक (मा०सं०)।
2. श्री दीपक पाण्डे, वरिष्ठ लेखाधिकारी (प्र0)।
3. श्री विकास कुमार, सहायक लेखाधिकारी।
4. श्री राजेश कुमार, सहायक लेखाधिकारी।

सेवानिवृत्त कार्मिकों/पारिवारिक पेंशनधारियों तथा मृतक कार्मिकों के लम्बित विभागीय देयकों/पेंशन प्रकरणों के निस्तारण तथा कार्मिकों के पदधारिता विवरण के सम्बन्ध में बैठक में निम्नलिखित निर्देश दिये गयेः–

1. बैठक में उपस्थित समस्त कार्मिकों को उनके कार्यालयों में Aprenticeship कर रहे अभ्यर्थियों की उपस्थिति का विवरण प्रत्येक माह की 01 तारीख को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

2. श्रीमती बीना बिष्ट, कार्यालय अधीक्षक–विशेष श्रेणी (सेवानिवृत्त), मुख्य अभियन्ता (परियोजना) कार्यालय, पिटकुल, देहरादून का पेंशन प्रकरण भली–भाँति जांचोपरान्त यथाशीघ्र वित्त विभाग को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

3. बैठक में उपस्थित सभी कार्मिकों को अवगत कराया गया कि कार्मिकों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामित किये जाने पर उनके द्वारा ससमय अवगत नहीं कराया जाता है कि उनके अवकाश पर होने या अन्य कार्यों में व्यस्तता के कारण वह प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग नहीं कर पायेंगे। अतैव समस्त कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि उनके कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामित किये जाने पर उनकी उपलब्धता के सम्बन्ध में ससमय सूचना प्रेषित कर दें, ताकि उनके स्थान पर अन्य कार्मिक को प्रशिक्षण कार्यक्रम में नामित किया जा सके।

4. बैठक में उपस्थित कार्मिकों को अवगत कराया गया कि किसी भी संविदा कार्मिक के कार्य छोड़ने, सेवानिवृत्ति एवं मृत्यु की दशा में उनके स्थान पर प्रतिस्थानी संविदा कार्मिक को नियोजित करने से पूर्व निदेशक (मा०सं०) की संस्तुति प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।

(दीपक पाण्डे)
वरिष्ठ लेखाधिकारी (प्र0)

(विवेकानन्द)
उपमहाप्रबन्धक (मा०सं०)